B. Ed. IInd Semister-Paper- ~~Action~~ in Action-Research Education

PAGE:
DATE: / /

आधुनिक युग में हमारे आर्थिक और सामाजिक जीवन में अनुसंधान का विशेष महत्व है। समाज और राष्ट्र की प्रगति को शोध के परिणामों द्वारा पहचाना जाता है क्योंकि समाज और राष्ट्र की मूल समस्याओं का समाधान शोध कार्यों द्वारा किया जाता है। शोध कार्यों द्वारा ज्ञान वृद्धि के साथ मानव विकास तथा कल्याण को महत्व दिया जाता है। अनुसंधान की व्यापक परिभाषा करना कठिन है तथा सही अर्थ जानना भी कठिन है। साधारणतः भौतिक विषयों मे प्रयोगों को विशेष महत्व दिया जाता है, और प्रयोगों को ही अनुसंधान समझते हैं। यह अनुसंधान का एक अर्थ है, परन्तु सम्पूर्ण अर्थ नही है।

## अनुसंधान का अर्थ [Meaning of Research]

अनुसंधान के द्वारा उन मौलिक प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया जाता है जिसका उत्तर अभी तक उपलब्ध नही हो सका है। यह उत्तर मानवी प्रयासों पर आधारित होता है। इस प्रत्यय को एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है —— कुछ वर्ष पहले जब तक मनुष्य चन्द्रमा पर नहीं पहुँचा था, चन्द्रमा वास्तव में क्या है? इस सम्बन्ध में सही जानकारी नहीं थी। यह एक समस्या भी थी, जिसका कोई समाधान भी नहीं था। मनुष्य को चन्द्रमा के सम्बन्ध मे मात्र अवधारणाएं ही थी, शुद्ध ज्ञान नहीं था। परन्तु मनुष्य अपने प्रयास से चन्द्रमा पर पहुँचा और चन्द्रमा की मिट्टी ले आया तथा उसके विश्लेषण से ही सही ज्ञान हो सका कि चन्द्रमा क्या है? इस प्रकार शोध कार्य द्वारा उन प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास किया जाता है, जिनका उत्तर साहित्य में उपलब्ध नहीं है अथवा मनुष्य की जानकारी में नहीं है।

वास्तव में अनुसंधान एक प्रक्रिया है, जिसमें प्रश्नों के विश्लेषण के आधार पर किसी समस्या का विश्वसनीय समाधान ज्ञात किया जाता है। अनुसंधान एक व्यवस्थित तथा सुनियोजित प्रक्रिया है जिसके द्वारा मानवीय ज्ञान में वृद्धि की जाती है और मानव जीवन को सुगम तथा प्रभावी बनाया जाता है। शोध कार्यों से मानवी तनावों को भी कम किया जाता है। वैज्ञानिक समस्याओं के समाधान की एक प्रभावशाली विधि है।

Remark:

Teacher's Sign.

अनुसंधान में नवीन तथ्यों की खोज की जाती है तथा नवीन सत्यों का प्रतिपादन किया जाता है। शोध कार्यो द्वारा प्राचीन प्रत्ययों तथा तथ्यों का नवीन अर्थापन [New Interpretation] किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों की जानकारी की जाती है, जिनमे विशिष्ट चर [Variable] क्रियाशील होते हैं तथा अन्य क्रियाशील नही होते, जबकि वे चर [Variable] समान प्रतीत होते है।

## अनुसंधान

R = Rational way of thinking [तार्किक ढंग से चिन्तन]
E = Exhaustive treatment [परिश्रम के साथ कार्य करना]
S = Search for Solutions [समाधान की खोज करना]
E = Exactness [शुद्धता या निश्चितता]
A = Analytic View [विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण]
R = Relationship of Facts [तथ्यो से सम्बन्ध]
C = Critical observation [आलोचनात्मक निरीक्षण]
H = Honesty in work [ईमानदारी के साथ कार्य]

अंग्रेजी मे अनुसंधान को Research कहते है जो दो शब्दों से मिलकर बना है — Re + Search = Research
रि + सर्च = रिसर्च

'रि' का अंग्रेजी में अर्थ होता है 'बार-बार' तथा 'सर्च' का अर्थ है 'खोजना'। अंग्रेजी का यह शब्द शोध की प्रक्रिया को प्रकट करता है कि शोधकर्ता किसी तथ्य को बार-बार देखता है, जिससे उसके सम्बन्ध में प्रदत्तों को एकत्रित करता है तथा उनके विश्लेषण के आधार पर उसके सम्बन्ध में निष्कर्ष निकालता है।

## अनुसंधान की परिभाषाएं [Definitions of Research]

'अनुसंधान' का बोधगम्य करने के लिए कुछ प्रमुख परिभाषाएं निम्नांकित हैं —

"शैक्षिक समस्याओं के समाधान के लिए व्यवस्थित रूप में बौद्धिक ढंग से वैज्ञानिक विधि के प्रयोग तथा अर्थापन [Interpretation] को 'अनुसंधान' कहते है। इसके अन्तर्गत यदि किसी व्यवस्थित अध्ययन के द्वारा शिक्षा में विकास किया जाए तो उसे शैक्षिक अनुसंधान कहते है।" जार्ज जे० मुले

PAGE :
DATE :

"The systematic and scholarly application of the scientific method inter-preted in its broader sense, to the solution of educational problems, conversely, and systematic study designed to promote the development of education as science can be considered educational research."

G. J. Muly.

" अनुसंधान एक प्रक्रिया है, जिसमें खोज प्रविधि का प्रयोग किया जाता है, जिसके निष्कर्षों की उपयोगिता हो, ज्ञान वृद्धि की जाये, प्रगति के लिए प्रोत्साहित करे, समाज के लिए सहायक हो तथा मनुष्य को अधिक प्रभावशाली बना सके। समाज तथा मनुष्य अपनी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से हल कर सकें।"

मेकग्रेथ तथा वाटसन

"Research is a process which has utility to an extent that class of inquiry employed as the research activity which is capable of adding knowledge of stimulating progress and helping society and man relate more efficiently and effectively to the problems that society and man perpetuate and create."

J. H. McGrath & D. E. Watson.

इस परिभाषा में अनुसंधान 'प्रक्रिया' के तीन प्रमुख कार्यों को महत्व दिया है - (i) नवीन ज्ञान में वृद्धि करना।
(ii) समाज तथा मनुष्य की सहायता करना।
(iii) समस्या समाधान के लिए प्रभावशाली बनाना।

" नवीन ज्ञान की प्राप्ति के लिए व्यवस्थित प्रयास ही अनुसंधान है।"

रेडमेन एवं मोरी

"Research is systematised effort to gain new knowledge."

Radmen & Mory

Remark :

Teacher's Sign.

" अनुसंधान किसी समस्या के प्रति ईमानदारी एवं व्यापक रूप में समझदारी के साथ की गई खोज है, जिसमें तथ्यों, सिद्धान्तों तथा अर्थों की जानकारी की जाती है। अनुसंधान की उपलब्धि तथा निष्कर्ष प्रमाणिक तथा पुष्टि योग्य होते है जिससे ज्ञान में वृद्धि होती है।"

पी॰एम॰ कुक

"Research is an honest, exhaustive intelligent searching for facts and their meanings or implication with reference to a given problem. The product or findings of a given piece of research should be an authentic, verifiable contribution to knowledge in the field studied."

P. M. Cook

पी॰एम॰ कुक ने अनुसंधान की निम्नलिखित विशेषताओं की व्याख्या की है —

(i) अनुसन्धान एक ईमानदारी से की गई प्रक्रिया है।
(ii) इसमें गहन अध्ययन किया जाता है।
(iii) इसमें विवेक तथा समझदारी से काम लिया जाता है।
(iv) समस्या के संदर्भ में तथ्यों की खोज की जाती है।
(v) अनुसन्धान के निष्कर्ष प्रमाणिक होते हैं।
(vi) अनुसन्धान के निष्कर्ष की पुष्टि प्रमाणों द्वारा की जाती है।

अनुसंधान की यह परिभाषा अधिक व्यापक तथा व्यावहारिक है। सभी अनुसंधान की परिभाषाओं का सारांश यह है कि 'अनुसंधान' एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा समस्याओं का समाधान करने से ज्ञान में वृद्धि की जाती है। वस्तुतः ज्ञान वृद्धि की प्रक्रिया ही अनुसंधान है। सभी प्रकार के अनुसंधान समस्या-केन्द्रित होते है। शिक्षण तथा व्यवहार के विकास की समस्याओं का समाधान शैक्षिक अनुसंधानों द्वारा किया जाता है।